# अवैध खनन में 8 वाहन सीज, केस भी दर्ज



**DEHRADUN:** मानसून सीजन में माफिया नदियों का सीना छलनी करने से नहीं चूक रहे हैं. अवैध खनन की प्रवृत्ति पर लगाम कसने के लिए बुधवार को जिला खान अधिकारी नवीन सिंह के नेतृत्व में कई क्षेत्रों में छापेमारी कर 8 वाहन सीज किए गए. जिला खान अधिकारी के अनुसार यमुना नदी में अवैध खनन की निरंतर शिकायत मिल रही है. जिस पर जलालिया, अंबाड़ी व सेलाकुई क्षेत्र में यमुना नदी में कई वाहन खनन करते मिले. इस दौरान जब टीम ने छापा मारा तो अवैध खनन में शामिल लोग वाहन छोड़कर वहां से निकल गए. मौके से दो ट्रैक्टर समेत कुल 8 वाहन सीज किए गए. जबकि, अवैध खनन पर वाहन स्वामियों के खिलाफ केस दर्ज कराने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है.अवैध खनन के खिलाफ अभियान और तेज करने का निर्णय लिया गया है. जिससे राजस्व को हो रहे नुकसान पर नियंत्रण पाया जा सके.

# अवैध खनन में आठ वाहन सीज, एफआइआर दर्ज

जागरण संवाददाता, देहरादून : वर्षाकाल में भी माफिया नदियों का सीना छलनी करने से बाज नहीं आ रहे। अवैध खनन की प्रवृत्ति पर लगाम कसने के लिए बुधवार को जिला खान अधिकारी नवीन सिंह के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी कर आठ वाहन सीज किए गए। जिला खान अधिकारी के अनुसार, यमुना नदी में अवैध खनन की निरंतर शिकायत मिल रही है। जिस पर जलालिया, अंबाड़ी और सेलाकुई क्षेत्र में यमुना नदी में कई वाहन खनन करते मिले। जब टीम ने छापा मारा तो अवैध खनन में लिप्त लोग वाहन छोड़कर भाग खड़े हुए। मौके से दो ट्रैक्टर समेत कुल आठ वाहन सीज किए गए। वहीं, अवैध खनन पर वाहन स्वामियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई शुरू की गई है। अवैध खनन के विरुद्ध अभियान को और तेज करने का निर्णय लिया गया है। राजस्व क्षति पर अंकुश लगाने के साथ नदियों के पारिस्थितिकी तंत्र को भी सुरक्षित रखा जा सके।

# खनन सामग्री लदी आठ ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

विकासनगर। खनन विभाग ने मंगलवार को विकासनगर और सहसपुर क्षेत्र में छापा मारकर आठ ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज किया। इन वाहनों में खनन सामग्री लदी थी। चालक और श्रमिक मौके से फरार हो गए। खनन विभाग ने वाहन मालिकों पर कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर दी है। जिला खान अधिकारी नवीन सिंह ने बताया कि विकासनगर और सहसपुर क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायत मिली थी। टीम ने सेलाकुई, सहसपुर और विकासनगर क्षेत्र में कार्रवाई की। विकासनगर क्षेत्र के जलालिया में यमुना नदी में अवैध खनन किया जा रहा था। संवाद